<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23.11.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत, छप्पन सीटों के साथ सत्ता में वापसी तय।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन, सीपी सिंह, कल्पना सोरेन और जयराम महतो समेत कई दिग्गजों ने चुनाव जीता।
- नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम, बेबी देवी और बन्ना गुप्ता हारे।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए राज्य की जनता के प्रति जताया आभार।

***************

राज्य में मतगणना के आये रूझानों और परिणामों के अनुसार एक बार फिर इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है। ताजा नतीजों के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 21 सीटें जीत ली है, जबकि 13 सीटों पर वह आगे चल रहा है। गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस ने भी 10 सीटें जीत ली है और 6 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। आरजेडी के खाते में भी दो सीटें आयी है और दो पर बढ़त कायम है। सीपीआईएमएल दो सीटें जीत चुकी है। बात एनडी की करें तो भाजपा और सहयोगी दलों को बड़ा नुकसान हुआ है। भाजपा ने जहां 14 सीटों पर जीत दर्ज की है, वहीं 7 सीटों पर उसके प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में भाजपा को 4 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू का प्रदर्शन और भी खराब रहा है। उसने मात्र मांडू सीट पर जीत दर्ज की है। इस सीट पर आजसू पार्टी के प्रत्याशी निर्मल महतो ने कांग्रेस के जेपी पटेल को कांटे की टक्कर में पराजित किया। लोजपा रामविलास ने एक सीट चतरा से चुनाव लड़ा था, जिस पर उसने अपनी जीत दर्ज कर ली है। लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने राजद की रश्मि प्रकाश को पराजित किया। एनडीए की एक और घटक जदयू ने दो में से एक सीट जीत ली है। विधानसभा चुनाव में पहली बार उतरे जेएलकेएम भी अपना खाता खोलने में सफल रहा है।

***************

साहिबगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटें झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जीत लिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

***************

उधर दुमका की चार में से तीन सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने वापसी की है, जबकि एक सीट जरमुंडी कांग्रेस से छीन गई है। इस सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। और जानकारी के साथ हमार संवाददाता––

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन, सीपी सिंह, कल्पना सोरेन और जयराम महतो समेत कई दिग्गजों ने चुनाव में जीत हासिल की है। हालांकि कई प्रमुख नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम, बन्ना गुप्ता और बेबी देवी चुनाव हार गये हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में इंडिया गठबंधन को मिली जीत पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने एनडीए को समर्थन देने के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

***************

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने भी इंडिया गठबंधन को जीत के लिए बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए के अप्रत्याशित प्रदर्शन से उन्हें काफी दुख हुआ है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में विकास की जीत हुई है।

***************

झामुमो नेता और गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव जीतने वाली कल्पना सोरेन ने इंडिया गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

***************

राज्य के आये चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा है कि जल्द ही हार की समीक्षा की जाएगी।

***************

इस बीच भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार राय ने हार स्वीकार करते हुए जनता के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन के लिए इंडिया गठबंधन को बधाई दी है।

***************

चतरा विधानसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद लोजपा रामविलास के प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

***************

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, जेएलकेएम के प्रमुख जयराम महतो डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव जीत गये हैं। हालांकि बेरमो सीट से उनकी करारी हार हुई है। चुनाव परिणाम आने के बाद श्री महतो ने कहा कि सरकार की नीतियां अगर प्रभावित करेंगी तो वे अपना समर्थन इंडिया गठबंधन को दे सकते हैं।

***************

इधर रामगढ़ विधानसभा सीट से चुनाव जीतने वाली कांग्रेस की ममता देवी ने भी जन सरोकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

***************

उधर जामा सीट से झामुमो की लुईस मरांडी ने भी जीत हासिल की है। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगा।

*****समाप्त*******